दिनांक: 26.04.2025 समय: 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री-रोज़गार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अ□नी □हचान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा अ□नी मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री आज विभिन्न सरकारी विभागों में और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति □त्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि जिन युवाओं को आज नियुक्ति □त्र मिले हैं, उन □र देश की अर्थव्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने, आधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास करने और श्रमिकों के जीवन में बदलाव लाने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वे अ□ने काम के प्रति जितने ईमानदार होंगे, उतना ही यह भारत की विकसित भारत की यात्रा में सहायक होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ ही दिनों में मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 का आयोजन होने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन के केंद्र में भी देश के युवा हैं। उन्होंने कहा कि देश के युवा रचनाकारों को □हली बार ऐसा मंच मिल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि मीडिया, गेमिंग और मनोरंजन क्षेत्र के नवोन्मेषकों के लिए अ□नी प्रतिभा दिखाने का यह अभूत□ूर्व अवसर है।

रोज़गार मेला प्रदेश

प्रदेश में भी आज रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। भो□ाल के समन्वय भवन केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति □त्र सौं□। भो□ाल में हुए कार्यक्रम में 200 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने आगे कहा कि विकसित भारत के निर्माण का महायज्ञ चल रहा है। 2047 तक एक □ूर्ण विकसित भारत के निर्माण और उसमें हर युवा को रोजगार दिलाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उधर ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में केन्द्रीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तयनित युवाओं को नियुक्ति □त्र वितरित किए।

प्रदेश बंद

जम्मू-कश्मीर के □हलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध प्रदेश में जारी है। आज भो□ाल और इंदौर में आधे दिन के लिए बाजार बंद रखे गया हैं। रायसेन, रतलाम और छतर□ुर में भी व्या□ारियों ने बंद का समर्थन किया है। बंद से आकस्मिक चिकित्सा सेवा को बाहर रखा गया है। 3 हजार मेडिकल स्टोर्स और थोक दवा दुकानें खुली हैं। दूध की सप्लाई भी प्रभावित नहीं हुई। वहीं चाय-नाश्ते की दुकानें भी खुली रहीं।

आकाशवाणी- पुरस्कार

आकाशवाणी ने **इंडिया ऑडियो समिट एंड अवार्ड्स 2025** में विभिन्न श्रेणियों में कुल छह □ुरस्कार जीते हैं। रेडियो और श्रव्य कार्यक्रम निर्माण में उत्कृष्टता को मान्यता देने वाले □ुरस्कार समारोह का कल रात मुंबई में आयोजन किया गया।

आकाशवाणी को मिले शीर्ष □ुरस्कारों में, □ूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के कार्यक्रम **'नई सोच नई कहानी- अ रेडियो □र्नी विद स्मृति ईरानी'** को रेडियो का सीरीज़ ऑ□ द ईयर घोषित किया गया। 13 ए□िसोड की इस श्रृंखला में विशेष रू□ से महिलाओं के धैर्य और दृढ़ संकल□ की कहानियां दोहरायी गईं हैं। इस श्रृंखला का समा□न राष्ट्र□ति द्रौ□दी मुर्मु के साथ एक विशेष साक्षात्कार के साथ हुआ। इसे □िछले साल राष्ट्र□ति भवन में रिकॉर्ड किया गया था।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश में तेज गर्मी के बीच कुछ जिलों में बारिश भी हुई है। कल दिनभर बादलों की लुकाछि□ी के बीच बीती रात में भो□ाल, हरदा, देवास, सीहोर, रायसेन और नर्मदा□ुरम में हल्की बारिश हुई। आज सुबह खंडवा में भी बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने ट्र□ की वजह से प्रदेश में गरज-चमक और हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है।

विभाग ने आज ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, श्यो□ुर, अशोकनगर, विदिशा, सागर, नर्मदा□ुरम, बैतूल, नरसिंह□ुर, छिंदवाड़ा, □ांढुर्णा, जबल□ुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, अनू□□ुर में बारिश का अनुमान जताया है।आज ग्वालियर-जबल□ुर समेत 19 जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं रतलाम, खंडवा और बुरहान□ुर में लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

हालांकि प्रदेश में अगले 4 दिन तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिलने के आसार हैं।

संक्षिप्त समाचार

1- जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गुना जिले के आरोन में □ोस्टर के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान जल संरक्षण की श□थ भी दिलाई गई।

2- नर्सिंग कॉलेजों में फर्जीवाड़े को लेकर दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जबलपुर उच्च न्यायालय ने साफ किया है कि नर्सिंग पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं की तारीखों में अब कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। परीक्षाएं तय समय पर 28 और 29 अप्रैल से आयोजित कराना अनिवार्य होगा।

3- शिवपुरी जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं में कार्यवाही करते हुए 32 प्रकरण दर्ज किए जिनमें 90000 रुपए का जुर्माना किया गया है।

4- सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल किए जाने की शिकायत पर छिंदवाड़ा जिले के परासिया नगरपालिका अध्यक्ष के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।